## न्यूज डायरी



### पाकिस्तान के आंतरिक मंत्री शेख राशिद के बयान से बढ़ी मुश्किलें

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान की इमरान सरकार के बड़बोले मंत्री शेख राशिद इस बार प्रधानमंत्री इमरान खान के लिए ही परेशानी का सबब बन गए हैं। दरअसल, राशिद ने एक ऐसा बयान दिया है जिसने इमरान खान की मुश्किलों को बढ़ाने का काम किया है। उन्होंने कहा है कि सरकार भ्रष्टाचार से निपटने में विफल रही है। उनका ये बयान ऐसे समय में आया है जब देश की लगभग सभी विपक्षी पार्टियां इमरान सरकार के खिलाफ एकजुट हैं और लगातार उनपर हमलावर हो रही है। इन विपक्षी पार्टियों का आरोप है कि इस सरकार की गलत नीतियों की बदौलत देश में भ्रष्टाचार चरम पर पहुंच चुका है। देश में महंगाई बेतहाशा बढ़ी है और लाखों लोग भुखमरी के शिकार हो चुके हैं। विपक्ष इस बात का भी आरोप लगा रहा है कि भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने में सरकार नाकाम रही है।

### ऑस्ट्रेलियाई को इजरायली महिला से तलाक लेना पड़ा भारी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** तेल अवीव। ऑस्ट्रेलिया के एक शख्स के लिए इजरायल में बड़ी मुसीबत हो गई है। एक अनोखे तलाक कानून की वजह से ऑस्ट्रेलियाई शख्स को अब साल 9999 तक के लिए इजरायल छोड़ने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। इस शख्स का नाम नोम हुप्पर्ट (44) है। नोम हुप्पर्ट या तो इजरायल में 31 दिसंबर 9999 तक रहें या फिर भविष्य में अपने बच्चे के विकास के लिए 18 करोड़ 19 लाख रुपये चुकाना होगा। नोम हुप्पर्ट साल 2012 में इजरायल आए थे ताकि वह अपने बच्चे के और ज्यादा करीब रह सकें। इससे एक साल पहले ही उनकी पूर्व पत्नी इजरायल में आकर बस गई थी। इसके बाद उनकी पूर्व पत्नी ने इजरायल की एक अदालत में तलाक का मुकदमा किया था। साल 2013 में इजरायल की अदालत ने नोम के देश छोड़ने पर प्रतिबंध लगा दिया था। अदालत ने तर्क दिया था कि नोम को हर महीने 5 हजार इजरायली मुद्रा हर महीने भविष्य का कर्ज के रूप में चुकाना होगा।

### चीन को बड़ा झटका देने की तैयारी में नेपाली पीएम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** काठमांडू। नेपाल के प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा अपने भारत दौरे से ठीक पहले देश में चीन को बड़ा झटका देने की तैयारी कर रहे हैं। शेर बहादुर देउबा ने अमेरिका के 'मिलेनियम चैलेंज कॉरपोरेशन' को पुष्टि करने पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि 50 करोड़ अमेरिकी डॉलर का कार्यक्रम नेपाल के राष्ट्रीय हित के खिलाफ नहीं है। देउबा का यह बयान ऐसे समय पर आया है जब चीन अपने कर्ज का जाल बन चुके बेल्ट एंड रोड प्रॉजेक्ट को नेपाल में लागू करने के लिए ऐड़ी चोटी का जोर लगाए हुए है। साथ ही अमेरिका के एमसीसी कार्यक्रम का कड़ा विरोध कर रहा है। नेपाल पीएम देउबा ने रविवार को सभी राजनीतिक दलों के बीच आम सहमति बनाकर 'मिलेनियम चौलेंज कॉरपोरेशन' (एमसीसी) के तहत अमेरिका से प्रस्तावित अनुदान सहायता की पुष्टि करने की आवश्यकता को बताया।

### ऑस्ट्रेलिया में फिर कोरोना वायरस का कहर, ओमीक्रोन वेरिएंट से पहली मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मेलबर्न। ब्रिटेन, अमेरिका के बाद अब ऑस्ट्रेलिया ने सोमवार को पुष्टि की है कि उसके एक नागरिक की कोरोना वायरस के ओमीक्रोन वेरिएंट से मौत हो गई है। देश में कोरोना वायरस की एक और लहर शुरू हो गई है और हर दिन मामले बढ़ते जा रहे हैं। ओमीक्रोन के बढ़ते मामलों के बाद भी ऑस्ट्रेलिया ने अभी नए प्रतिबंध लगाने से परहेज किया है और कहा है कि अस्पतालों में मरीजों को भर्ती किए जाने के मामले बहुत कम हैं। बताया जा रहा है कि ओमीक्रोन वेरिएंट से जिस व्यक्ति की मौत हुई है, वह करीब 80 साल का था और कई बीमारियों से पीड़ित था। ऑस्ट्रेलिया करीब दो साल बाद प्रतिबंधों में ढील देने पर विचार कर रहा था लेकिन ओमीक्रोन वेरिएंट के फैलने से अब इस पर रोक लग गई है। ऑस्ट्रेलिया ने प्रतिबंधों में कुछ ढील देते हुए अपनी घरेलू सीमाओं को खोल दिया था।

# नवाज शरीफ की पाकिस्तान वापसी का डर इमरान खान को सोने नहीं दे रहा

**अटकलें**

## पाकिस्तान मुस्लिम लीग–नवाज के नेताओं ने कहा कि इमरान नवाज को लेकर परेशान हैं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

इस्लामाबाद। विपक्षी पाकिस्तान मुस्लिम लीग–नवाज (पीएमएल–एन) के नेताओं का कहना है कि पार्टी सुप्रीमो नवाज शरीफ की देश वापसी की खबरें प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पीटीआई के नेतृत्व वाली सरकार को सोने नहीं दे रही है। पीएमएल–एन पंजाब के अध्यक्ष राणा सनाउल्लाह ने यह दावा किया है। इससे पहले पाकिस्तान के गृह मंत्री शेख राशिद ने दावा किया था कि इमरान खान अपना कार्यकाल पूरा करेंगे।

द एक्सप्रेस ट्रिब्यून की रिपोर्ट के मुताबिक पीएमएल–एन पंजाब के अध्यक्ष राणा सनाउल्लाह ने कहा कि नवाज शरीफ की देश में संभावित वापसी के उल्लेख ने मौजूदा सरकार के लिए 'खतरे की घंटी' बजा दी है। पीएमएल–एन नेता ने कहा कि उनके पूर्ववर्ती की वापसी का डर खान को सोने नहीं दे रहा है। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून ने सनाउल्लाह के हवाले से कहा, 'बढ़ती महंगाई, अक्षमता और भ्रष्टाचार के लिए जिम्मेदार लोग (डर से) चिल्ला रहे हैं। वे जो चाहें कर सकते हैं, लेकिन उन्हें अंततरू जाना ही होगा।'





**शेख राशिद के लिए केवल एक संदेश है कि घबराओ मतः** पीएमएल–एन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शाहिद खाकान अब्बासी ने कहा कि नवाज शरीफ खुद देश लौटने के बारे में फैसला करेंगे। उन्होंने कहा, 'यह दशार्ता है कि सत्तारूढ़ दल न केवल घबराया हुआ है बल्कि भ्रमित भी है... वे (मंत्री) कुछ भी कहें, उन्हें जाना होगा।' द एक्सप्रेस ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, सनाउल्लाह ने कहा कि प्रधानमंत्री खान सहित सभी सत्तारूढ़ दल के नेताओं के बयान और समाचार सम्मेलन केवल पीएमएल–एन नेताओं – नवाज शरीफ, शहबाज शरीफ और मरियम नवाज पर केंद्रित हैं। सनाउल्लाह ने चुटकी लेते हुए कहा, 'मेरे पास इमरान नियाजी और शेख राशिद के लिए केवल एक संदेश है कि घबराओ मत।' उन्होंने कहा कि 'पूरा देश अपने नेता नवाज का स्वागत करने के लिए उत्सुक है।' इससे पहले पीएमएल–एन के अध्यक्ष शहबाज शरीफ, जो पूर्व प्रधानमंत्री के भाई भी हैं, उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि नवाज शरीफ पूरी तरह से ठीक होने तक वापस नहीं आएंगे। नवाज शरीफ की वापसी की अटकलें ऐसे समय पर लगाई जा रही हैं जब कहा जा रहा है कि सेना के साथ उनका तालमेल फिर से ठीक हो गया है।

**नकली सरकार ने नवाज शरीफ से अपनी हार स्वीकार कर ली है:** शनिवार को जारी एक बयान में, शहबाज शरीफ ने कहा कि नवाज शरीफ ब्रिटेन में कानूनी रूप से तब तक रह सकते हैं जब तक कि ब्रिटिश गृह कार्यालय द्वारा वीजा बढ़ाने की अस्वीकृति के खिलाफ उनकी अपील पर आव्रजन न्यायाधिकरण नियम नहीं बनाते। इस बीच, पीएमएल–एन की उपाध्यक्ष मरियम नवाज ने एक ट्वीट में कहा , इस नकली सरकार ने नवाज शरीफ से अपनी हार स्वीकार कर ली है, जो पाकिस्तान का वर्तमान और भविष्य है। एक बड़े व्यक्तित्व को निशाना बनाकर, एक पिग्मी का कद ऊंचा नहीं किया जा सकता है।'

## सऊदी अरब ने यमन में विद्रोहियों के ठिकाने पर किया भीषण हमला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** रियाद। सऊदी अरब के नेतृत्व में गठबंधन सेना ने यमन की राजधानी सना में हूती विद्रोहियों के एक शिविर को हवाई हमला करके तबाह कर दिया है। सऊदी अरब ईरान समर्थक हूती विद्रोहियों के खिलाफ लगातार हवाई हमले कर रहा है। सऊदी गठबंधन सेना ने कहा कि उसने विद्रोहियों का हथियारों का गोदाम तबाह कर दिया है। अभी कुछ दिन पहले ही अमेरिका ने हूती विद्रोहियों को भेजी जा रही 1400 एके–47 राइफल को अरब सागर में एक मछली पकड़ने वाली नौका से पकड़ा था। सऊदी प्रेस एजेंसी के मुताबिक हूती विद्रोही अल तशरीफात कैंप में हथियार भेजने की कोशिश कर रहे थे और इसी के जवाब में तत्काल हवाई हमला किया गया। यमन में साल 2014 से गृहयुद्ध चल रहा है और वहां सरकार के खिलाफ ईरान समर्थक हूती विद्रोही जंग छेड़े हुए हैं। हूती विद्रोहियों ने देश के ज्यादातर उत्तरी हिस्से को अपने कब्जे में कर लिया है। ये विद्रोही अक्सर सऊदी अरब पर ड्रोन हमले करते रहते हैं।

हूती विद्रोहियों के हमले में सऊदी अरब को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। सऊदी अरब लंबे समय से आरोप लगाता रहा है कि ईरान हूती ब्रिदोहियों को घातक हथियार मुहैया करा रहा है।





हर दिन 40 सिगरेट पीता था मात्र 2 साल का यह चेन स्मोकर बच्चा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** जकार्ता। इंडोनेशिया का मात्र दो साल का एक बच्चा चेन स्मोकर बन गया था और हर दिन 40 सिगरेट पीता था। इस बच्चे का नाम अर्दी रिजाल है और वह सुमात्रा का रहने वाला है। इस बच्चे ने 7 साल पहले जब सिगरेट पीना छोड़ दिया तो उसका पूरा हुलिया ही बदल गया। सिगरेट पीने की गंदी आदत छोड़ने के बाद अब यह बच्चा पहचान में ही नहीं आ रहा है। पूरी दुनिया में इस बच्चे की चर्चा हो रही है। चेन स्मोकिंग की वजह से अर्दी की हालत यह हो गई थी कि वह सिगरेट नहीं पाने पर अपने सिर को दीवार पर पीटने लगता था। साल 2010 में सिगरेट पीते हुए धुएं को उड़ाते हुए उसकी तस्वीर दुनियाभर में चर्चा का विषय बन गई थी।

## ब्रिटिश महारानी की हत्या करने पहुंचा भारतीय सिख

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

लंदन। जलियावाला नरसंहार का बदला लेने के लिए एक शख्स ब्रिटेन की महारानी क्वीन एलिजाबेथ द्वितीय के महल में तीर कमान लेकर घुस गया। ब्रिटिश महारानी एलिजाबेथ क्रिसमस मनाने के लिए विंडसर कैसल पहुंची थीं। बताया जा रहा है कि यह हमलावर जसवंत सिंह चौल 19 साल का है और साल 1919 में हुए अमृतसर नरसंहार का बदला लेने के लिए महारानी को मारने पहुंचा था। पुलिस ने उसे मानसिक स्वास्थ्य कानून के तहत हिरासत में ले लिया है।

द सन की रिपोर्ट के मुताबिक लंदन पुलिस उसके मानसिक स्वास्थ्य की जांच करवा रही है। जसवंत सिंह को चिकित्साकर्मियों की निगरानी में रखा गया है। इस घटना का एक चौंका देने वाला वीडियो आया है जिसमें हमलावर जसवंत सिंह तीर कमान से लैस नजर आ रहा है। जसवंत सिंह ने क्रिसमस के दिन स्नैपचौट पर सुबह 8:06 पर एक वीडियो अपलोड किया था। उसे विंडसर कैसल के अंदर से हिरासत में लिया गया है।

**जलियावाला बाग कांड का लेना चाहता था बदला**

**यह 1919 के जलियावाला बाग नरसंहार में मारे गए लोगों का बदलाः** जसवंत ने अपनी आवाज को छिपाने के लिए फिल्टर का इस्तेमाल किया था। उसे हूडी और मास्क पहन रखा था। उसका कपड़ा स्टार वार्स फिल्म से प्रेरित नजर आ रहा है। उसने वीडियो में कहा, मुझे माफ करें। मैंने जो कुछ किया उसके लिए माफ करें और मैं जो कुछ करूंगा उसके लिए भी माफ करें। मैं क्वीन एलिजाबेथ की हत्या करने का प्रयास करूंगा। यह 1919 के जलियावाला बाग नरसंहार में मारे गए लोगों का बदला है।

जसवंत ने कहा, यह उन लोगों का बदला है जो जलियावाला बाग में मारे गए थे। उनकी नस्ल के कारण के उन्हें प्रताड़ित किया गया और भेदभाव किया गया। मैं एक भारतीय सिख हूं। मेरा नाम जसवंत सिंह चैल है। मेरा नाम डार्थ जोन्स है।

## तालिबानी फरमान, महिलाएं अकेले नहीं कर सकेंगी बस में यात्रा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** काबुल। अफगानिस्तान में तालिबान का असली कट्टरपंथी चेहरा अब सामने आने लगा है। दुनिया से मान्यता देने की गुहार लगा रहे तालिबान ने महिलाओं को लंबी दूरी तक बस या अन्य वाहनों में अकेले यात्रा करने पर रोक लगा दी है। यही नहीं कार में म्यूजिक बजाने पर भी तालिबान ने बैन लगा दिया है। तालिबान ने यह भी कहा है कि महिलाओं को यात्रा के दौरान हिजाब पहनना होगा। तालिबानी शासन ने यह कदम ऐसे समय पर उठाया है जब वह पहले ही बच्चियों के पढ़ने पर कई तरह के प्रतिबंध लगा चुका है। तालिबान ने अपने नए आदेश में कहा है कि महिलाएं बस में 70 किमी से अधिक की दूरी अकेले तय नहीं कर सकेंगी। इससे आगे जाने के लिए उनके साथ किसी पुरुष संरक्षक का होना जरूरी होगा। उसने कहा कि लंबी दूरी तक जाने वाली अकेली महिलाओं को गाड़ी में न बैठाया जाए। तालिबान ने सत्ता में आने के बाद दावा किया था कि वह प्रगतिशील हो गया है लेकिन उसके आदेश यह बताते हैं कि 20 साल पहले वाले तालिबान और अब के तालिबान में कोई बदलाव नहीं आया है।